Downloaded from www.GovtJobPerks.com

# लोक सभा

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न-सूची**
***सोमवार, 1 दिसंबर , 2025/10 अग्रहायण, 1947 (शक)***

**(कॉर्पोरेट कार्य; संस्कृति; शिक्षा; पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन; वित्त; श्रम और रोजगार; कौशल विकास और उद्यमशीलता; पर्यटन; युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय )**

**कुल प्रश्न संख्या - 230**

## 'एक पेड़ मां के नाम' योजना के अंतर्गत वनरोपण

1. **श्री अमरा राम:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्तमान वर्ष में हाल ही में पंजाब, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और हरियाणा में वैश्विक तापन की वजह से ज़्यादा बारिश, गर्मी, ठंड और मौसमी बारिश की वजह से खेती को हुए नुकसान को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं;

(ख) वर्तमान वर्ष में 'एक पेड़ माँ के नाम' नाम की योजना के तहत कितने पेड़ लगाए गए और उन पर राज्य-वार कितनी धनराशि खर्च हुई है; और

(ग) राजस्थान में सौर ऊर्जा कंपनियों ने कितने पेड़ काटे हैं और उनकी जगह कितने पेड़ लगाए गए हैं?

## सतत औद्योगिक विकास के लिए संशोधित हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण मानदंड

2. **श्री दिलेश्वर कामैत:**
**श्री नलिन सोरेन:**
**श्री बसवराज बोम्मई:**
**श्री विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी:**
**श्री पी. सी. मोहन:**
**श्री विजय बघेल:**
**श्रीमती कमलजीत सहरावत:**
**श्री आलोक शर्मा:**
**श्री नव चरण माझी:**
**श्री हँसमुखभाई सोमाभाई पटेल:**
**श्री मितेश रमेशभाई पटेल:**
**श्री आशीष दुबे:**
**श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़:**
**श्री काली चरण सिंह:**

क्या **पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) पर्यावरण मंजूरी ढांचे के तहत नई औद्योगिक संपदाओं, पार्कों और व्यक्तिगत औद्योगिक परियोजनाओं के लिए सरकार द्वारा अधिसूचित संशोधित हरित क्षेत्र और वृक्षारोपण मानदंडों का ब्यौरा क्या है;

(ख) वर्तमान मानदंडों के लिए 33 प्रतिशत हरित क्षेत्र की पहले की आवश्यकता को संशोधित करने के पीछे क्या औचित्य है;

(ग) यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है कि संशोधित मानदंड स्थायी औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना जारी रखें;

Downloaded from www.GovtJobPerks.com

Downloaded from www.GovtJobPerks.com



क्या **युवा कार्यक्रम और खेल** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार विशिष्ट राज्यों के खेल अवसंरचना अनुदान और पूंजी वित्तपोषण को एथलीटों के प्रदर्शन के साथ जोड़ने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो क्या पंजाब जैसे राज्य, जिनकी अधिक एथलीट भागीदारी है और जिन्हें उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त हुई हैं, को अधिक प्रतिस्पर्धी और कुशल खेल पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देने के लिए बढ़े हुए संसाधनों से अधिक लाभ प्राप्त हुआ है;

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार की राज्यों के बीच उनके एथलेटिक प्रदर्शन और राष्ट्रीय खेल विकास में उनके योगदान के आधार पर संसाधनों का अधिक न्यायसंगत वितरण सुनिश्चित करने की कोई योजना है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की स्थिति**

†211. **श्री कल याण बनर्जी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) स्कूली शिक्षा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की वर्तमान स्थिति क्या है और स्थानीय सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों ने आस-पास के स्कूलों के विकास और शिक्षकों को पाठ्यक्रम संबंधी प्रशिक्षण देने के लिए अपने सीएसआर कल्याणकारी योजनाओं के तहत सुधार प्रक्रिया को लागू करने के लिए क्या पहल की है;

(ख) क्या सरकार का मौजूदा 10+2 प्रारूप के स्थान पर 5+3+3+4 के नए शिक्षा प्रारूप के तहत अलग-अलग बोर्ड को मिलाकर एकल शिक्षा नीति बनाते हुए समस्त शिक्षा प्रणाली को एकीकृत करने का विचार है; और

(ग) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो देश में शिक्षा प्रणाली का सार्वभौमिक मॉडल लागू करने के लिए सरकार की नीति क्या है?

**आठवें केंद्रीय वेतन आयोग का गठन**

†212. **श्री आनंद भदौरिया:**

क्या **वित्त** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने हाल ही में आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन के लिए अधिसूचना जारी की है;

(ख) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार उन सरकारी कर्मचारियों/पेंशनर्स को तुरंत राहत प्रदान करने के लिए मौजूदा डीए/डीआर को मूल वेतन में मिलाने का विचार रखती है जो पिछले 30 सालों से बहुत ज़्यादा महंगाई का सामना कर रहे हैं, क्योंकि इन कर्मचारियों को दिया गया डीए/डीआर वास्तविक समय खुदरा महंगाई के हिसाब से नहीं है;

(घ) यदि हाँ, तो इसका ब्यौरा क्या है; और

(ङ) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

Downloaded from www.GovtJobPerks.com